Total No. of Questions : 12 ] [ Total No. of Printed Pages : 8

Shri Jain P G College, Bikaner

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# C–258

## B.Com. (Part–II) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

### Paper - I

### (Taxation-Income Tax Law and Accounts)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

## Section–A

## (खण्ड–अ)

1. (i) What do you mean by 'Diversion of Income' ?

'आय का मोड' से आप क्या समझते हैं ?

(ii) When is a firm treated as Non-resident ?

एक फर्म अनिवासी कब होती है ?

(iii) Fair value (rent) of a house for the year is ₹ 24,000 which was completed as on 1st June, 2020 and it was let out from 1st August, 2020 at a rent of ₹ 1,500 per month. Find its annual value.

एक मकान जिसका उचित किराया ₹ 24,000 वार्षिक है और जो गतवर्ष में 1 जून, 2020 को बनकर तैयार हुआ है। 1 अगस्त, 2020 से ₹ 1,500 प्रतिमाह किराये पर उठा दिया गया है, तो उस मकान का वार्षिक मूल्य क्या होगा ?

(iv) An assessee acquired a patent on 10th November for ₹ 2,80,000 during previous year 2020-21. How much amount will be deducted for the same while calculating income from business and profession ?

एक करदाता ने ₹ 2,80,000 में गतवर्ष 2020-21 में एक पेटेन्ट 10 नवम्बर को क्रय किया। व्यापार तथा पेशे से आय शीर्षक की गणना करने के लिए उस मद की क्या कटौती प्राप्त होगी ?

(v) Distinguish between Short-term and Long-term Capital Gains.

अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन पूँजी लाभ में अन्तर बताइए।

(vi) Shri Rakesh and Smt. Rakesh are partners in a firm. Their share of profits ₹ 50,000 and ₹ 40,000 respectively. Will their income be clubbed ? If not, then why ?

श्री राकेश एवं श्रीमती राकेश एक फर्म में साझेदार हैं। उनका लाभों में हिस्सा क्रमश: ₹ 50,000 एवं ₹ 40,000 है। क्या किसी एक की आय दूसरे की आय में जोड़ी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(vii) Shri Mohit donated ₹ 15,000 in cash to a charitable institution. What amount shall be allowed as deduction in computing his total income ?

श्री मोहित ने ₹ 15,000 का दान नकद में एक पुण्यार्थ संस्था को दिया। कुल आय की गणना करते समय उसे कितनी राशि की कटौती दी जायेगी ?

(viii) What is the Dai-Bhag law in Hindu Undivided Family ?

हिन्दू अविभाजित परिवार में दाय-भाग सम्प्रदाय क्या होता है ?

(ix) Firm received in September, 2020 ₹ 28,000 from lottery. Find tax liability of firm from lottery income.

फर्म को लॉटरी से सितम्बर, 2020 में ₹ 28,000 प्राप्त हुये। लॉटरी की आय पर कर-दायित्व ज्ञात कीजिए।



Scanned with CamScanner

(x) A return of income is regarded as defective if it is not accompanied by certain documents. State any two such documents.

आय के नक्शे के साथ कुछ प्रपत्र नहीं लगाये जाएँ तो इसे दोषपूर्ण माना जाता है। ऐसे किन्हीं दो प्रपत्रों का उल्लेख कीजिए।

## Section–B

## (खण्ड–ब)

2. Define Agricultural Income. Give example of incomes which are related to land, but are not agricultural income.

कृषि आय की परिभाषा दीजिए। ऐसी आयों के उदाहरण दीजिए, जो भूमि से तो सम्बन्धित हैं लेकिन कृषि आय न हो।

3. Mr. Dayanand borrowed a sum of ₹ 2,50,000 on 1st July, 1998 from Punjab National Bank on interest @ 16% per annum to construct a house property in Jaipur. He borrowed another sum of ₹ 3,00,000 for the same purpose on 1st April, 2003 from a financial institution on interest @ 16% per annum. The construction of the house was completed on 30th September, 2003 and from 1st October, 2003. Mr. Dayanand occupied it for his own residence.

The municipal valuation of the house is ₹ 1,50,000 and during the previous year 2020-21. Mr. Dayanand paid ₹ 15,000 for municipal taxes and ₹ 3,000 for fire insurance premium property.

Compute the taxable income under the head 'Income from House Property' for the assessment year 2021-22. What would be the taxable income under the head 'Income from House Property' of Mr. Dayanand, if he had borrowed ₹ 12,00,000 instead of ₹ 3,00,000 on 1st April, 2003 ? Assume that entire amount of loan is still unpaid.

श्री दयानन्द ने जयपुर में एक मकान बनाने के लिए 1 जुलाई, 1998 को पंजाब नेशनल बैंक से ₹ 2,50,000, 16% ब्याज दर पर उधार लिये। उन्होंने 1 अप्रैल, 2003 को एक और ऋण ₹ 3,00,000 का उसी कार्य के लिए एक वित्तीय संस्था से 16% ब्याज दर पर ही लिया। मकान का निर्माण कार्य 30 सितम्बर, 2003 को पूरा हुआ तथा श्री दयानन्द 1 अक्टूबर, 2003 से इसका प्रयोग अपने स्वयं के रहने के लिये करने लगे।

मकान का नगरपालिका का मूल्यांकन ₹ 1,50,000 है तथा श्री दयानन्द ने गतवर्ष 2020-21 में ₹ 15,000 नगरपालिका कर के तथा ₹ 3,000 मकान के अग्नि बीमा प्रीमियम के चुकाये।

कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिये मकान सम्पत्ति से आय शीर्षक की कर-योग्य आय की गणना कीजिए। यदि श्री दयानन्द ने 1 अप्रैल, 2003 को वित्तीय संस्था से ₹ 3,00,000 के स्थान पर ₹ 12,00,000 का ऋण लिया हो, तो उसकी आय कितनी होगी? यह मान लीजिए कि ऋण की सम्पूर्ण राशि अभी तक बकाया है।



Scanned with CamScanner

4. Firm Surajmal Baluram received the following gifts during the previous year 2020-21 :

(i) On 1st November, 2020 a cash gift of ₹ 56,000 from Shri Pawan Gupta.

(ii) On 15th November, 2020 gold ornaments from Smt. Sharda Gupta, the fair market value of which is ₹ 1,00,000.

(iii) 6100 shares of Jindal Private Ltd. received from Shri Akhil Gupta on December 1, 2020, the fair market value of which is ₹ 61,000.

(iv) 1000 shares of Amit Private Ltd. from Smt. Sunita Gupta for a consideration of ₹ 70,000 on January 1, 2021, the fair market value of which is rupees one lakh.

Find out the taxable income under the head 'Income from Other Sources'.

फर्म सूरजमल बालूराम ने गतवर्ष 2020-21 में निम्न उपहार प्राप्त किये :

(i) श्री पवन गुप्ता से 1 नवम्बर, 2020 को ₹ 56,000 का नकद उपहार।

(ii) श्रीमती शारदा गुप्ता से 15 नवम्बर, 2020 को सोने के आभूषण जिनका उचित बाजार मूल्य ₹ 1,00,000 है।

(iii) श्री अखिल गुप्ता से 1 दिसम्बर, 2020 को जिन्दल प्राइवेट लिमिटेड के 6100 अंश जिनका उचित बाजार मूल्य ₹ 61,000 है।

(iv) अमित प्राइवेट लिमिटेड के 1000 अंश जिनका उचित बाजार मूल्य ₹ 1,00,000 है; 1 जनवरी, 2021 को श्रीमती सुनीता गुप्ता से, जिनके लिये ₹ 70,000 का भुगतान किया गया।

फर्म की अन्य साधनों से कर-योग्य आय ज्ञात कीजिए।

5. Explain the provisions of Section 80EEB in respect of deduction of interest on loan taken to purchase a Electric Vehicle.

इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने हेतु लिये गये ऋण के ब्याज की कटौती के सम्बन्ध में 80EEB के प्रावधानों को समझाइये।

6. Following particulars are supplied by Shri Kashi Ram for the assessment year 2021-22. Compute his gross tax liability :

श्री काशीराम द्वारा कर-निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिये निम्न विवरण प्रस्तुत किया जाता है। उसका सकल कर दायित्व ज्ञात कीजिए :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (i) | 1/2 share from a firm | 80,000 |
| (ii) | Salary from the above firm | 1,20,000 |
| (iii) | Interest from the above firm @ 18% | 36,000 |
| (iv) | Interest from Bank of Baroda on saving bank deposits | 1,12,000 |
| (v) | Lottery winning from M.P. State lottery | 25,000 |
| (vi) | Long-term capital gain u/s 112 (Computed) | 84,000 |
| (vii) | Life insurance premium paid on a policy of ₹ 1,00,000 taken on 1st March, 2012 | 22,000 |
| (viii) | NSC (VIII issue) purchased during the previous year 2020-21 | 6,000 |



Scanned with CamScanner

(ix) Accrued interest on NSC (VIII issue) purchased during the past years and deemed to be re-invested 2,630

7. Write short notes on the following :

(a) Re-assessment

(b) Self-assessment

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) पुन: कर-निर्धारण

(ब) स्वयं कर-निर्धारण

8. What is the difference between the Assessment of a Firm and an A.O.P. ?

एक फर्म व व्यक्तियों के समुदाय के कर-निर्धारण में क्या अन्तर है ?

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. Smt. Renu is an employee of the Ambuja Company Calcutta. She has been fixed in the grade of ₹ 8,000–200–12,000 since 1st January, 2018. She gets 30% of basic pay as dearness allowance (which is considered as pay for retirement benefits) ₹ 400 p.m. as retirement allowance and ₹ 1,000 p.m. as travelling allowance. She has also received ₹ 450 p.m. as education allowance and ₹ 900 p.m. as hostel allowance to meet the cost of education of her three sons.

She has been provided by the company with rent free unfurnished accommodation, the fair rent of which is ₹ 25,000 p.a. The company has provided her the amenity of reimbursement of her own medical expenses and during the financial year 2020-21 the company paid her in this connection ₹ 17,350. The expenses were incurred on treatment by a private doctor.

She owns a car which she uses both for office and private work. All the expenses of running and maintenance including driver's salary of car are met by the employer which during the previous year amounted to ₹ 48,000. The car is of 1.8 litre (c.c.).

The company transferred her Chittorgarh (Population 3 lakhs) on 1st December, 2020. The company has provided her rent free unfurnished accommodation in Chittorgarh also. The fair rental value of this home is ₹ 18,000 p.a. She did not vacate the accommodation at Calcutta up to 31st March, 2021. She uses her car for both office and private work in Chittorgarh also.

She and her employer each contributed @ 12.5% of basic salary and dearness allowance to the Recognised Provident Fund. She paid during the financial year 2020-21 for travel in respect of employer's work ₹ 10,000 as bus fare to the roadways corporation.

Determine her taxable income under the head 'Salaries' for the assessment year 2021-22.



Scanned with CamScanner

श्रीमती रेणू अम्बुजा कम्पनी कलकत्ता में नियुक्त है। 1 जनवरी, 2018 से उन्हें ₹ 8,000–200–12,000 का वेतनमान दिया गया है। उन्हें मूल वेतन का 30% महँगाई भत्ता (जो निवृत्ति लाभों के लिये वेतन माना जाता है), ₹ 400 प्रतिमाह मनोरंजन भत्ता तथा ₹ 1,000 प्रतिमाह यात्रा भत्ता मिलता है। उनके तीन पुत्रों के शिक्षा व्यय की पूर्ति हेतु ₹ 450 प्रतिमाह शिक्षा भत्ता तथा ₹ 900 प्रतिमाह छात्रावास भत्ता भी प्राप्त हुआ है।

कम्पनी की ओर से रहने का एक असुसज्जित मकान उन्हें दिया गया है जिसका उचित किराया ₹ 25,000 वार्षिक है। कम्पनी ने उन्हें स्वयं के चिकित्सा व्यय के पुनर्भरण की सुविधा दे रखी है और 2020-21 वित्तीय वर्ष में इस सम्बन्ध में कम्पनी ने ₹ 17,350 उन्हें दिये। ये व्यय उन्होंने निजी चिकित्सक से करायी गयी चिकित्सा पर किये थे।

वे एक कार रखती हैं जिसका उपयोग वे कार्यालय तथा निजी कार्य दोनों में करती हैं। कार रखने व चलाने के समस्त व्यय चालक के वेतन सहित नियोक्ता द्वारा वहन किये जाते हैं, जो गत वर्ष में ₹ 48,000 थे। कार 1.8 लीटर क्षमता की है।

1 दिसम्बर, 2020 को कम्पनी ने उनको चित्तौड़गढ़ (आबादी 3 लाख) स्थानांतरित कर दिया। चित्तौड़गढ़ में भी कम्पनी ने उनको असुसज्जित मकान दिया है, जिसका उचित किराया ₹ 18,000 वार्षिक है। 31 मार्च, 2021 तक उन्होंने कलकत्ता का मकान भी खाली नहीं किया था। चित्तौड़गढ़ में भी वे अपनी कार का उपयोग कार्यालय तथा निजी कार्य दोनों के लिये करती हैं।

प्रमाणित भविष्य निधि में उनका एवं नियोक्ता प्रत्येक का अंशदान मूल वेतन एवं महँगाई भत्ते का 12.5% की दर से था। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 में नियोक्ता के कार्य हेतु की गयी यात्राओं हेतु रोडवेज निगम की बसों का किराया ₹ 10,000 लिया।

निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिये उनकी 'वेतन' शीर्षक की कर-योग्य आय निर्धारित कीजिए।

10. Find out the taxable income from business of a merchant from the following particulars for the year ended on 31st March, 2021 :

निम्नलिखित विवरण से 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये एक व्यापारी की व्यवसाय की कर-योग्य आय ज्ञात कीजिए :

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| Salaries (Including proprietor's salary of ₹ 84,000) | 17,000 | Gross Profit | 55,850 |
| Office Expenses | 1,600 | Interest from Securities | 1,490 |
| Reserve for B.D. | 2,000 | Bad debts recovered (Earlier not allowed as deductions) | 1,200 |
| Fire Insurance Premium | 1,000 | | |
| Bad Debts | 3,000 | Sundry Trade Receipts | 800 |
| Rent | 2,400 | Rent from Sub-letting | 2,500 |
| Advertising | 12,00 | Govt. Grant repayable in 20 years | 8,000 |
| Income Tax Penalty | 2,500 | | |
| Discount | 1,800 | Income Tax Refund | 2,000 |
| Loss on Sale of Furniture | 3,600 | | |
| Interest on Bank Loan | 1,500 | | |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| Interest on Capital | 1,600 | | |
| Depreciation | 3,200 | | |
| Goodwill Written-off | 2,400 | | |
| Travelling Expenses | 1,200 | | |
| Loss Through Fire of Stock-in-trade | 2,000 | | |
| Contribution to unrecognised P.F. | 2,500 | | |
| Charitable Donations | 1,000 | | |
| Net Profits | 20,340 | | |
| Total | 71,840 | | 71,840 |

The written down value of furniture on 1-4-2020 was ₹ 20,000. Half of the furniture was sold for ₹ 6,400 and loss of ₹ 3,600 was transferred to profit and loss account. The amount of depreciation charged to profit and loss account includes the depreciation of remaining furniture of ₹ 10,000 @ 10%.

1-4-2020 को फर्नीचर का अपलिखित मूल्य ₹ 20,000 था। आधा फर्नीचर ₹ 6,400 में बेच दिया गया एवं ₹ 3,600 की हानि लाभ-हानि खाते में हस्तान्तरित कर दी। लाभ-हानि खाते में लिखी गई ह्रास की राशि में बचे हुये ₹ 10,000 के फर्नीचर का 10% की दर से ह्रास सम्मिलित है।

11. What do you mean by 'Capital Gains' ? How are capital gains calculated ?

'पूँजी लाभ' से आप क्या समझते हैं ? पूँजी लाभों की गणना किस प्रकार की जाती है ?

12. From the following information compute the total income of the firm and net tax payable by the firm for the assessment year 2021-22 :

(i) Profit from a small scale industrial undertaking established in rural area in August, 1990 ₹ 2,00,000. Interest on capital @ 12% and salary @ ₹ 3,000 p.m. to each working partner is payable as per partnership deed. X and Y are active partners and Z is sleeping partner in the firm. Capital of X, Y and Z are ₹ 1,00,000, ₹ 2,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. Interest and remuneration to partners has not been charged.

(ii) Profit on the sale of listed equity shares ₹ 18,200. These shares were purchased in Feb. 2020 for ₹ 20,000 and were sold in December 2020 for ₹ 38,200 through recognised stock exchange.

(iii) Profit on the sale of house property ₹ 1,08,400. The house property was purchased in 2001-02 for ₹ 2,50,000 and it was sold in July 2020 for ₹ 3,58,400.

(iv) Interest received on unlisted debentures on August 25, 2020 of a company ₹ 11,700.

(v) Loss from house property ₹ 8,000. The loss was on account of interest on loan taken to construct the property.



Scanned with CamScanner

(vi) Interest received from bank ₹ 4,000.

(vii) Winning from the Horse-race ₹ 12,500 on December 10, 2020.

(viii) Donation of National Foundation for communal harmony ₹ 10,910.

(ix) Donation to charitable institutions ₹ 20,000.

(x) The firm received a gift of 2000 equity shares of Dalmia Private Limited from Sh. Ramesh on 1st December, 2020. The fair market value of which was ₹ 54,000 on that day.

The cost inflation index for the year 2001-02 and 2020-21 are 100 and 301 respectively.

निम्न सूचनाओं से कर-निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए एक फर्म की कुल आय एवं देय शुद्ध कर की गणना कीजिए :

(i) ग्रामीण क्षेत्र में अगस्त 1990 में स्थापित लघुस्तरीय औद्योगिक उद्यम के लाभ ₹ 2,00,000 है। साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदारों को उनकी पूँजी पर 12% की दर से ब्याज देय है तथा सक्रिय साझेदारों को प्रत्येक को ₹ 3,000 प्रतिमाह की दर से वेतन देय है। फर्म में X तथा Y सक्रिय साझेदार हैं तथा Z निष्क्रिय साझेदार है। X, Y तथा Z की पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000, ₹ 2,00,000 तथा ₹ 3,00,000 है। साझेदारों को ब्याज एवं पारिश्रमिक नहीं दिया गया है।

(ii) सूचित समता अंशों को बेचने से लाभ ₹ 18,200 है। ये अंश फरवरी 2020 में ₹ 20,000 में खरीदे गये थे तथा दिसम्बर 2020 में ₹ 38,200 में प्रमाणित स्कन्ध विनिमय के माध्यम से बेच दिये गये।

(iii) मकान सम्पत्ति के विक्रय से लाभ ₹ 1,08,400। यह मकान सम्पत्ति 2001-02 में ₹ 2,50,000 में क्रय की गयी थी तथा जुलाई 2020 में ₹ 3,58,400 में बेच दी गई।

(iv) एक कम्पनी के असूचित ऋणपत्रों से 25 अगस्त, 2020 को प्राप्त ब्याज ₹ 11,700।

(v) मकान सम्पत्ति से ₹ 8,000 की हानि। यह हानि मकान सम्पत्ति को बनाने हेतु लिये गये ऋण के कारण है।

(vi) बैंक से ब्याज प्राप्त किया ₹ 4,000।

(vii) घुड़दौड़ से 10 दिसम्बर, 2020 को जीती गयी राशि ₹ 12,500 है।

(viii) साम्प्रदायिक सद्भाव के लिये राष्ट्रीय फाउण्डेशन को दान ₹ 10,910।

(ix) पुण्यार्थ संस्थाओं को दान ₹ 20,000।

(x) फर्म को श्री रमेश से 1 दिसम्बर, 2020 को डालमिया प्राइवेट लिमिटेड के 2000 समता अंश उपहार में प्राप्त हुये जिनका उस दिन उचित बाजार मूल्य ₹ 54,000 था।

वर्ष 2001-02 एवं 2020-21 का लागत वृद्धि सूचकांक क्रमशः 100 एवं 301 है।



Scanned with CamScanner

Total No. of Questions : 12 ] [ Total No. of Printed Pages : 4

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# C–254

## B.Com. (Part–II) Examination, 2022

## BUSINESS MANAGEMENT

Paper – I

**(Company Law)**

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

## Section–A

## (खण्ड–अ)

2 each

1. (i) What is a company limited by Guarantee ?

गारंटी द्वारा सीमित कम्पनी क्या है ?

(ii) What is doctrine of Ultra Vires ?

अल्ट्रा वायर्स का सिद्धान्त क्या है ?

(iii) What do you mean by Shelf Prospectus ?

शेल्फ प्रविवरण से आप क्या समझते हैं ?

(iv) What is Redeemable Preference Share ? In how many years it is required to be redeemed ?

प्रतिदेय वरीयता शेयर क्या है ? कितने वर्षों में इसका मोचन जरूरी होता है ?

(v) What do you mean by Managing Director ?

प्रबंध संचालक से आप क्या समझते हैं ?

(vi) When is declaration of solvency required to be made ?

करदान क्षमता (सोलवेन्सी) की घोषणा कब करना अनिवार्य होता है ?

(vii) What is Extraordinary General Meeting ?

असाधारण सामान्य बैठक क्या होती है ?

(viii) Define Corporate Social Responsibility.

नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्त्व को परिभाषित कीजिए।

(ix) Define Company Secretary.

कम्पनी सचिव को परिभाषित कीजिए।

(x) Define Fixed and Floating Charge.

फिक्स्ड और फ्लोटिंग चार्ज को परिभाषित कीजिए।



Scanned with CamScanner

## Section–B

## (खण्ड–ब)

8 eac[h]

2. What is a One Person Company (OPC) ? Describe the privileges that a OPC enjoys over a Multiperson Company.

   एक व्यक्ति कम्पनी का क्या अर्थ है ? उन विशेषाधिकारों का वर्णन कीजिए जोकि एक व्यक्ति कम्पनी (OPC) को प्राप्त है।

3. Describe the provisions of the Companies Act, 2013 with respect to alteration and ratification of the name of a company.

   कम्पनी के नाम के परिवर्तन और अनुसमर्थन के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

4. Define Equity and Preference Share. What are the differences between both of them ?

   ईक्विटी और वरीयता शेयर को परिभाषित कीजिए। इन दोनों में क्या अन्तर है ? समझाइए।

5. "Every shareholder of a company is also known as a member, while every member may not be known as a shareholder." Comment and state the difference between member and shareholder.

   "किसी कम्पनी के प्रत्येक शेयरधारक को सदस्य के रूप में भी जाना जाता है, जबकि प्रत्येक सदस्य को शेयरधारक के रूप में नहीं जाना जा सकता है।" शेयरधारक और सदस्य में अन्तर बताते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

6. Define Director of a Company. Discuss the position of directors in a company.

   कम्पनी के निदेशक को परिभाषित कीजिए। कम्पनी में निदेशक की स्थिति को समझाइए।

7. Write short notes on the following :

   (a) Certificate of Practice

   (b) Qualifications of Company Secretary

   निम्नलिखित पर संक्षिप्त विवरण लिखिए :

   (अ) अभ्यास का प्रमाण-पत्र (COP)

   (ब) कम्पनी सचिव की योग्यताएँ



Scanned with CamScanner

8. Explain the different types of resolutions that can be passed at a company meeting. Give examples in each case.

कम्पनी बैठक में पारित किये जाने वाले विभिन्न प्रस्तावों की व्याख्या कीजिए। प्रत्येक मामले में उदाहरण दीजिए।

## Section–C

## (खण्ड–स)

20 each

9. "It is not compulsory for a public company to issue a prospectus, while a private company is even not permitted to issue it." Explain this statement. What are the consequences of Misstatement in prospectus ?

"एक सार्वजनिक कम्पनी के लिए प्रॉस्पेक्टस (सूची-पत्र) जारी करना अनिवार्य नहीं है, जबकि एक निजी कम्पनी को इसे जारी करने की भी अनुमति नहीं है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। विवरणिका (सूची-पत्र) में गलत विवरण के क्या परिणाम होते हैं ? समझाइए।

10. Explain the Ultra Vires Acts and its exceptions.

अल्ट्रा वायर्स के तहत कौनसे कार्य आते हैं ? समझाइए। इसके क्या अपवाद हैं ?

11. Describe the circumstances under which a company can compulsorily be wound up by the tribunal. Also state the consequences of a winding up order by tribunal.

उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जो एक कम्पनी को ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) द्वारा अनिवार्य रूप से बंद किया जा सकता है। ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) द्वारा समापन आदेश के परिणामों को बताइए।

12. Write short notes on the following :

(a) Majority Powers and Minority Rights

(b) Quorum

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) बहुमत नियम एवं अल्पसंख्यक अधिकार

(ब) न्यूनतम कार्यवाहक संख्या



Scanned with CamScanner

Total No. of Questions : **12** ]                                    [ Total No. of Printed Pages : **4**

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# C-255

## B.Com. (Part-II) Examination, 2022

## BUSINESS MANAGEMENT

Paper - II

## (Principles of Marketing)

*Time : 1½ Hours* ]                                    [ *Maximum Marks : 100*

**Section-A** (Marks : 2 × 10 = 20)

***Note*** :- Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड-अ)** (अंक : 2 × 10 = 20)

**नोट** :- सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section-B** (Marks : 8 × 5 = 40)

***Note*** :- Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड-ब)** (अंक : 8 × 5 = 40)

**नोट** :- सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section-C** (Marks : 20 × 2 = 40)

***Note*** :- Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड-स)** (अंक : 20 × 2 = 40)

**नोट** :- चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

## Section–A

(खण्ड–अ) 2 each

1. (i) What is Marketing ?

   विपणन क्या है ?

   (ii) What do you mean by Marketing Mix ?

   विपणन मिश्रण का क्या आशय है ?

   (iii) What do you mean by Consumer Behaviour ?

   उपभोक्ता व्यवहार से आप क्या समझते हैं ?

   (iv) Describe in brief the concept of Market Segmentation.

   बाजार विभक्तिकरण की अवधारणा का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

   (v) What do you mean by Industrial Goods ?

   औद्योगिक वस्तुओं से आप क्या समझते हैं ?

   (vi) What is Packaging ?

   पैकेजिंग क्या है ?

   (vii) Describe the concept of Product Life-cycle.

   उत्पाद जीवन-चक्र की अवधारणा को समझाइए।

   (viii) What do you mean by Distribution Channels ?

   वितरण माध्यमों से आप क्या समझते हैं ?

   (ix) What is the concept of Optimum Promotion Mix ?

   आदर्श संवर्द्धन मिश्रण क्या है ?

   (x) Describe any *four* functions of a salesman.

   एक विक्रयकर्ता के कोई **चार** गुण बताइये।



Scanned with CamScanner

## Section–B

## (खण्ड–ब)

8 each

2. Write a short note on Selling *vs.* Marketing.

   विक्रय **बनाम** विपणन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

3. What are the main bases of Marketing Segmentation ?

   बाजार विभक्तिकरण के मुख्य आधार क्या हैं ?

4. What is difference between Brand and Trademark ?

   ब्राण्ड और ट्रेडमार्क में क्या अन्तर है ?

5. What is the importance of Price in Marketing Mix ?

   विपणन मिश्रण में मूल्य का महत्त्व क्या है ?

6. What is the difference between Retailer and Wholesaler ?

   खुदरा व्यापारी और थोक व्यापारी में क्या अन्तर है ?

7. What are the qualities of a good Advertisement Copy ?

   एक अच्छी विज्ञापन प्रति में क्या गुण होते हैं ?

8. Write short note on—Selling as a Career.

   संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—विक्रयण एक रोजगार के रूप में।

## Section–C

## (खण्ड–स)

20 each

9. What is the nature and scope of Marketing ? Explain.

   विपणन का महत्व एवं प्रकृति क्या है ? स्पष्ट कीजिए।



Scanned with CamScanner

10. What do you mean by Product Life-cycle ? What are the main stages of a product life-cycle ?

उत्पाद जीवन-चक्र क्या है ? इसकी मुख्य अवस्थाएँ बताइए।

11. Describe in brief the main channels of distribution.

मुख्य वितरण माध्यमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

12. Describe in brief the main qualities of a good Salesman.

एक अच्छे विक्रयकर्ता के मुख्य गुणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।



Scanned with CamScanner

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीका

# C–259

## B.Com. (Part–II) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - II

**(Cost Accounting)**

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

## Section–A (खण्ड–अ)

1. (i) What is Opportunity Cost ?

अवसर लागत क्या है ?

(ii) The standard time for a job is 20 hours @ ₹ 1 per hour. The job was actually finished within 15 hours. Calculate remuneration under Halsey Bonus System.

एक उपकार्य के लिए प्रमाप समय ₹ 1 प्रति घण्टे की दर से 20 घण्टे है। उपकार्य वास्तव में 15 घण्टे में ही पूरा कर लिया गया है। हाल्से बोनस योजना के अनुसार कुल पारिश्रमिक ज्ञात कीजिए।

(iii) What is meant by semi-variable overhead ?

अर्द्धपरिवर्तनशील उपरिव्यय से क्या आशय है ?

(iv) Write names of any *four* industries in which unit costing method is applied.

किन्हीं **चार** उद्योगों के नाम लिखिए जिनमें इकाई लागत निर्धारण रीति का प्रयोग किया जा सकता है ?

(v) What is meant by retention money in contract costing ?

ठेका लागत में अवरोध मूल्य से क्या अभिप्राय है ?

(vi) What is abnormal wastage ?

असामान्य क्षय क्या है ?

(vii) Give the formula for calculating material mix variance.

सामग्री मिश्रण विचरण की गणना हेतु सूत्र बताइए।

(viii) If loss as per financial books is ₹ 10,600 donations not considered in cost accounts ₹ 6,000; what shall be the profit or loss as per cost accounts.

यदि वित्तीय पुस्तकों के अनुसार हानि ₹ 10,600 लागत लेखों में दान का लेखा नहीं हुआ ₹ 6,000, तो लागत लेखों द्वारा प्रदर्शित लाभ या हानि क्या होगी ?

(ix) Fixed expenses is ₹ 90,000, sales is ₹ 3,00,000 and profit is ₹ 60,000. Calculate P/V ratio.

स्थिर व्यय ₹ 90,000, विक्रय ₹ 3,00,000 तथा लाभ ₹ 60,000 है। लाभ-मात्रा अनुपात की गणना कीजिए।

(x) What is meant by absolute ton-km ?

परिशुद्ध टन-किलोमीटर से क्या आशय है ?



Scanned with CamScanner

## Section–B (खण्ड–ब)

2. A factory requires 1,500 units of an item per month, each costing ₹ 27. The cost per order is ₹ 150 and the inventory carrying charges work out of 20% of the average inventory. Find out EOQ and the number of orders per year.

Would you accept a 2% price discount on a minimum supply at 1,200 units ?

एक फैक्ट्री में सामग्री की किसी मद की 1,500 इकाइयों की प्रति माह की आवश्यकता होती है, जिसकी लागत प्रति इकाई ₹ 27 है। प्रति आदेश की लागत ₹ 150 तथा संग्रहालय में इसके रख-रखाव पर सामग्री मूल्य के 20% (औसत स्टॉक पर) व्यय होते हैं। आर्थिक आदेश की मात्रा तथा वर्ष में दिये जाने वाले आदेशों की संख्या का निर्धारण कीजिए।

न्यूनतम आपूर्ति 1,200 इकाइयों की होने पर 2% बट्टे पर सामग्री प्राप्त की जा सकती है। क्या आप इसे स्वीकृत करने की सलाह देंगे ?

3. Compute machine hour rate from the following particulars relating to machine shop of a factory :

| **Expenses per annum** | (₹) |
|---|---|
| Power | 1,56,000 |
| Lighting etc. | 32,000 |
| Supervision | 60,000 |
| Rent and Rates | 38,830 |
| Indirect expenses | 3,300 |
| Repairs | 73,200 |
| Depreciation | 39,000 |

There are 12 holidays besides Sundays in the year of which 2 are on Saturdays. The factory works 8 hours in a day but Saturdays are half days. All machines work at 90% capacity throughout the year and 10% is reasonable for breakdown. There are 5 machines of same type and similar size in the shop.

एक फैक्ट्री की मशीन शॉप से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरणों से मशीन घण्टा दर का परिकलन कीजिए :

| **व्यय प्रति वर्ष** | (₹) |
|---|---|
| पॉवर | 1,56,000 |
| प्रकाश आदि | 32,000 |
| पर्यवेक्षण | 60,000 |
| किराया व दरें | 38,830 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | 3,300 |
| मरम्मत | 73,200 |
| ह्रास | 39,000 |



Scanned with CamScanner

वर्ष में रविवारों के अतिरिक्त 12 दिवसों का अवकाश रहेगा, जिनमें 2 शनिवार को है। प्रतिदिन 8 घण्टे कार्य किया जाता है, किन्तु प्रत्येक शनिवार को आधा कार्य दिवस ही होता है। पूरे वर्ष में समस्त मशीनें 90% क्षमता पर कार्य करती हैं तथा कार्य में रुकावट हेतु 10% प्रावधान यथोचित है। शॉप में 5 मशीनें समान आकार व समान प्रकार की हैं।

4. What is meant by contract costing method ? Discuss in brief the various items appearing in debit and credit sides of a contract account.

ठेका लागत निर्धारण रीति से क्या अभिप्राय है ? एक ठेका खाते के नाम तथा जमा पक्ष में आने वाली विभिन्न मदों को संक्षेप में समझाइए।

5. From the following information relating to a manufacturing process of Modi Ltd. Calculate labour variances :

मोदी लिमिटेड की निर्माण प्रक्रिया से सम्बन्धित निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर श्रम विचरणों का परिकलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| Standard Rate of Labour | ₹ 10 per hour |
| Actual rate of labour | ₹ 12 per hour |
| Standard time | 500 hours |
| Actual time taken | 450 hours including 25 idle hours |

6. Explain the meaning of marginal costing and give its advantages.

सीमान्त लागत लेखांकन का अर्थ समझाइए तथा इसके लाभों का उल्लेख कीजिए।

7. The product of a factory passes through three processes A, B and C. Following is the expenditure on these three processes :

एक कारखाने का उत्पाद अ, ब, और स तीन प्रक्रियाओं से होकर गुजरता है। इन तीन प्रक्रियाओं के व्यय निम्नलिखित हैं :

| **Particulars** | **Process A** | **Process B** | **Process C** |
|---|---|---|---|
| Material used | ₹ 10,000 | ₹ 5,000 | ₹ 2,500 |
| Wages | ₹ 13,000 | ₹ 12,696 | ₹ 7,223 |
| Indirect Expenses | ₹ 2,800 | ₹ 2,500 | ₹ 3,750 |
| Units issued (50,000 units) | ₹ 20,000 | – | – |
| Normal Wastage | 4% | 10% | 10% |
| Sale of scrap per 100 units | ₹ 10 | ₹ 25 | ₹ 10 |



Scanned with CamScanner

The percentage of wastage given above should be calculated on the units entering each process. The finished product of 'C' is transferred to finished stock account. The output of process 'A' is 47,520 units, of process 'B' 43,460 units and of process 'C' 38,960 units. Prepare process accounts and abnormal wastage and effectives account.

ऊपर दी गई क्षय की प्रतिशत की गणना प्रत्येक प्रक्रिया में प्रवेश करने वाली इकाइयों पर करनी है। 'स' प्रक्रिया का तैयार माल निर्मित स्टॉक खाते में स्थानान्तरित करना है। प्रक्रिया 'अ' का उत्पादन 47,520 इकाइयाँ, 'ब' प्रक्रिया का 43,460 इकाइयाँ तथा 'स' प्रक्रिया का 38,960 इकाइयाँ हैं। प्रक्रिया खाते तथा असामान्य क्षय एवं बचत खाते तैयार कीजिए।

8. Rajasthan Transport Company has been given a 20 km long route to run a Bus. The Bus costs the company a sum of ₹ 40,00,000. It has been insured at 3% per annum and the annual road tax amounts to ₹ 80,000. Garage rent is ₹ 16,000 per month. Annual repairs is estimated to cost ₹ 80,000 and the Bus is likely to last for 5 years.

The salary of the driver and the conductor will be ₹ 24,000 and ₹ 16,000 per month respectively in addition to 10% of the takings as commission (to be shared equally). The Manager's salary is ₹ 25,000 per month and stationery will cost ₹ 1,000 per month. Diesel and oil will cost ₹ 5,000 per 100 kilometres. The Bus will make 3 round trips per day carrying on a average 40 passengers in each trip. Assuming 15% profit on takings, calculate the Bus fare to be charged from each passenger per kilometre. The Bus will run on an average 25 days in a month.

राजस्थान ट्रान्सपोर्ट कम्पनी को एक 20 किलोमीटर मार्ग पर बस चलाने की अनुमति दी गई है। बस की लागत ₹ 40,00,000 है। यह 3% वार्षिक दर से बीमित है तथा वर्ष का रोड टैक्स ₹ 80,000 है। गैरेज किराया ₹ 16,000 प्रति माह तथा वार्षिक मरम्मत की अनुमानित लागत ₹ 80,000 एवं बस का सम्भावित जीवनकाल 5 वर्ष है।

चालक तथा परिचालक का वेतन क्रमशः ₹ 24,000 और ₹ 16,000 प्रति माह होगा; इसके अतिरिक्त टिकटों की कुल बिक्री पर 10% कमीशन (जो दोनों में बराबर बाँटा जायेगा) दिया जायेगा। प्रबन्धक का वेतन ₹ 25,000 प्रतिमाह तथा स्टेशनरी की लागत ₹ 1,000 प्रतिमाह है। प्रत्येक 100 किलोमीटर पर डीजल तथा तेल की लागत ₹ 5,000 है। प्रत्येक चक्कर में औसतन 40 यात्री ले जाते हुए बस आने-जाने के तीन चक्कर प्रतिदिन करेगी। यह मानते हुए कि लाभ टिकटों की बिक्री पर 15% अर्जित करना है तथा बस माह में औसतन 25 दिन ही चलती है। प्रत्येक यात्री से प्रति किलोमीटर चार्ज किया जाने वाला किराया ज्ञात कीजिए।



Scanned with CamScanner

9. A factory can produce 60,000 units per annum at its optimum capacity (100%). The estimated cost of production are as follows :

| | |
|---|---|
| Direct Material | ₹ 3 per unit |
| Direct Labour | ₹ 2 per unit |
| *Expenses :* | |
| Fixed | ₹ 1,50,000 per annum |
| Variable | ₹ 5 per unit |

Semi-variable overhead : ₹ 50,000 per annum upto 50% capacity and an extra expenses of ₹ 10,000 per annum for every 25% increase in capacity or a part thereof.

The factory produces only against the orders and not for its own stock. If production programme of the factory is as indicated below and the management desires to ensure a profit of ₹ 1,00,000 for the year, work out the average selling price at which units should be quoted. First 3 months of the year 50% of capacity and remaining 9 months of the year 80% of capacity will be used for production.

एक फैक्ट्री की अधिकतम (100%) उत्पादन क्षमता 60,000 इकाइयाँ प्रति वर्ष है। उत्पादन की अनुमानित लागत निम्न प्रकार है :

| | |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | ₹ 3 प्रति इकाई |
| प्रत्यक्ष श्रम | ₹ 2 प्रति इकाई |
| **व्यय :** | |
| स्थायी | ₹ 1,50,000 प्रति वर्ष |
| परिवर्तनशील | ₹ 5 प्रति इकाई |

अर्द्ध–परिवर्तनशील उपरिव्यय : 50% कार्यक्षमता तक ₹ 50,000 प्रति वर्ष तथा ₹ 10,000 अतिरिक्त व्यय होंगे जब कार्यक्षमता में 25% या किसी भाग की वृद्धि की जाए।

फैक्ट्री केवल आदेश प्राप्त होने पर ही उत्पादन करती है न कि अपने स्टॉक हेतु। यदि फैक्ट्री का उत्पादन कार्यक्रम निम्न प्रकार रहे और प्रबन्धक वर्ष में ₹ 1,00,000 का लाभ अर्जित करने के इच्छुक हों तो प्रति इकाई का औसत विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए, जिसे कम्पनी उद्धृत कर सके : वर्ष के प्रथम 3 माह में कार्यक्षमता का 50 तथा वर्ष के शेष 9 माह में कार्यक्षमता का 80% उत्पादन होगा।



Scanned with CamScanner

0. What is meant by Cost Accounting ? Explain briefly the objects and advantages of cost accounting.

लागत लेखांकन से आप क्या समझते हैं ? लागत लेखांकन के उद्देश्य एवं लाभ का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

1. Discuss the causes of differences between costing profit and financial profit. How are two profits reconciled ?

लागत लाभ तथा वित्तीय लाभ में अन्तर के कारणों का विवेचन कीजिए। इन दोनों का समाधान किस प्रकार किया जाता है ?

2. The following data are given for Madhubala Ltd. :

मधुबाला लिमिटेड के लिए निम्नलिखित समंक प्रस्तुत हैं :

Sales (8,000 units) ₹ 3,20,000, fixed cost ₹ 60,000, variable cost ₹ 30 per unit.

Prepare marginal cost statement and calculate the following :

सीमान्त लागत विवरण-पत्र तैयार कीजिए और निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) P/V Ratio

लाभ-मात्रा अनुपात

(ii) Sales for 40% P/V Ratio

40% लाभ-मात्रा अनुपात के लिए विक्रय

(iii) Break-even sales in value

सम-विच्छेद विक्रय राशि

(iv) Contribution, profit and variable costs at sales values of ₹ 2,56,000

₹ 2,56,000 के विक्रय मूल्य पर अंशदान, परिवर्तनशील लागत एवं लाभ

(v) If the selling price is reduced to ₹ 32, find the new sales volume to offset this price reduction.

यदि विक्रय मूल्य घटाकर ₹ 32 कर दिया जाए तो विक्रय की वह राशि ज्ञात कीजिए जो इस घटे विक्रय मूल्य की क्षतिपूर्ति के लिए आवश्यक हो।

(vi) Sales to earn a profit of ₹ 40,000 under price reduction

घटे विक्रय मूल्यों पर ₹ 40,000 का लाभ अर्जित करने हुते विक्रय की राशि



Scanned with CamScanner

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **4**

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# C–257

## B.Com. (Part–II) Examination, 2022

## ECONOMIC ADMINISTRATION AND FINANCIAL MANAGEMENT

Paper – II

## (Banking and Financial System)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

(खण्ड–अ)

1. (i) Explain the medium of exchange Function of Money.

मुद्रा के विनिमय के माध्यम के कार्य को समझाइए।

(ii) Define the static functions of Money.

मुद्रा के स्थैतिक कार्य को समझाइए।

(iii) Define Capitalist Economy.

पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को परिभाषित कीजिए।

(iv) Define Credit Money.

साख मुद्रा को परिभाषित कीजिए।

(v) What is Proportionate Reserve System ?

आनुपातिक कोष प्रणाली क्या है ? समझाइए।

(vi) What do you mean by Nationalised Bank ?

राष्ट्रीय बैंक से आप क्या समझते हैं ?

(vii) Define Financial Intermediaries.

वित्तीय मध्यस्थ को परिभाषित कीजिए।

(viii) What is Derived Deposit ?

व्युत्पन्न जमा क्या है ?

(ix) Define Mobile Banking.

मोबाइल बैंकिंग को परिभाषित कीजिए।

(x) What is Capital Market ?

पूँजी बाजार क्या है ?



Scanned with CamScanner

## Section–B

### (खण्ड–ब)

2. Explain the effects of Devaluation.

   अवमूल्यन के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

3. Explain the main tools of Fiscal Policy.

   राजकोषीय नीति के मुख्य उपकरणों को समझाइए।

4. Explain the credit creation with the help of example.

   साख सृजन को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

5. Write a short note on Deflation.

   मुद्रा संकुचन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

6. Write a short note on EDI.

   ई.डी.आई. पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

7. Explain the Administrative Interest Rate.

   प्रशासनिक ब्याज दरों को समझाइए।

8. Explain the Keynes Equation by example.

   कीन्स समीकरण को उदाहरण द्वारा समझाइए।

## Section–C

### (खण्ड–स)

9. Define Money. Describe the functions of Money.

   मुद्रा को परिभाषित कीजिए। मुद्रा के कार्यों को समझाइए।

10. Critically examine the Fisher equation of Quantity Theory of Money.

    फिशर के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।



Scanned with CamScanner

11. Define Inflation. Describe the main causes of Inflation. Also give measures for control Inflation.

मुद्रा प्रसार को परिभाषित कीजिए। मुद्रा प्रसार के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसे नियन्त्रित करने के उपाय बताइए।

12. Define Institutional Credit. Explain the various problems of Institutional Credit.

संस्थागत साख को परिभाषित कीजिए। संस्थागत साख की प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।



Scanned with CamScanner

Total No. of Questions : **12** ]

[ Total No. of Printed Pages : **8**

श्री जैन (पी.जी.) कॉलेज, बीकानेर

# C–256

## B.Com. (Part–II) Examination, 2022

## ECONOMIC ADMINISTRATION AND FINANCIAL MANAGEMENT

Paper – I

**(Financial Management)**

*Time : 1½ Hours* ]

[ *Maximum Marks : 100*

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

*Note* :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

*Note* :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

*Note* :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।



Scanned with CamScanner

## Section–A (खण्ड–अ)

1. (i) What is Finance Functions ?

   वित्त कार्य से क्या आशय है ?

   (ii) What are Fixed Assets ?

   स्थायी सम्पत्ति क्या होती है ?

   (iii) What is meant by Financial Statement ?

   वित्तीय विवरण का क्या आशय है ?

   (iv) What is meant by liquidity ?

   तरलता से क्या आशय है ?

   (v) What do you mean by operating cycle period ?

   परिचालन चक्र अवधि से आप क्या समझते हैं ?

   (vi) What is break-even point ?

   समविच्छेद बिन्दु क्या है ?

   (vii) What is Economic Order Quantity (E.O.Q.) ? Write formula.

   आर्थिक आदेश मात्रा क्या है ? सूत्र लिखिए।

   (viii) What is Profitability Index ?

   लाभदायकता सूचकांक क्या है ?

   (ix) Give *two* examples of non-current assests.

   **दो** गैर-चालू सम्पत्तियों के उदाहरण दीजिए।

   (x) Give *two* limitations of cash flow statement.

   रोकड़ प्रवाह विवरण की **दो** सीमाएँ बताइए।



Scanned with CamScanner

## Section–B (खण्ड–ब)

2. Discuss the objectives of Financial Management.

   वित्तीय प्रबन्ध के उद्देश्यों का विवेचन कीजिए।

3. From the following conventional balance sheet of Satyam Ltd. for the year ended 31st March, 2021. Prepare common size balance sheet for analysis :

   सत्यम लिमिटेड के 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्न चिट्ठे से विश्लेषण हेतु समानाकार चिट्ठा तैयार कीजिए :

**Satyam Ltd.**
**Balance Sheet**
**as on 31st March, 2021**

| Particulars | Note No. | 31st March, 2021 (₹) |
|---|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | | |
| (i) Shareholder's Funds : | | |
| (a) Share capital | | 30,00,000 |
| (b) Reserve and Surplus | | 4,00,000 |
| (ii) Non-current Liabilities | | |
| Long-term Borrowings | | 10,00,000 |
| (iii) Current Liabilities | | |
| Trade Payable | | 6,00,000 |
| **Total** | | **50,00,000** |
| **II. Assets :** | | |
| (i) Non-current Assets : | | |
| Fixed Assets : | | |
| (a) Tangible Assets | | 30,00,000 |
| (b) Intangible Assets | | 6,00,000 |
| (ii) Current Assets : | | |
| (a) Inventories | | 10,00,000 |
| (b) Cash and Cash | | 4,00,000 |
| **Total** | | **50,00,000** |



Scanned with CamScanner

4. The trading results of Raj & Co. for the last two quarters are :

राज एण्ड कं. के विगत दो तिमाहियों के व्यापारिक परिणाम इस प्रकार हैं :

| The quarter ended | Sales (₹) | Profit (₹) |
|---|---|---|
| June, 2020 | 25,000 | 5,000 |
| September, 2020 | 37,500 | 10,000 |

Calculate :

(a) Profit Volume Ratio

(b) Fixed Costs

गणना कीजिए :

(अ) लाभ-मात्रा अनुपात

(ब) स्थायी लागतें

5. Compute the inventory turnover ratio with the help of the following figures relating to Sumitra Stores :

सुमित्रा स्टोर्स से सम्बन्धित निम्नलिखित समंकों की सहायता से स्कन्ध आवर्त अनुपात की गणना कीजिए :

| | (₹) |
|---|---|
| Opening Inventory | 15,920 |
| Purchases | 39,000 |
| Carriage Inwards | 1,000 |
| Gross Profit | 36,480 |
| Revenue from operations | 78,000 |
| Closing Inventory | 14,400 |

6. "Financial planning is the key to successful business operations." Explain.

"वित्तीय नियोजन सफल व्यावसायिक कार्यों की पूँजी है।" समझाइए।



Scanned with CamScanner

7. Calculate the economic order quantity from the following :

निम्नलिखित विवरणों से आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| Annual requirement | 1,600 units |
| Cost of materials | ₹ 40 |
| Cost of placing and receiving one order | ₹ 50 |

Annual carrying cost of inventory, 10% of inventory value.

8. What is internal rate of return method ? Explain.

आन्तरिक प्रत्याय दर विधि क्या है ? समझाइए।

**Section–C**

**(खण्ड–स)**

9. From the following data calculate :

(i) Profit volume ratio

(ii) Break-even point

(iii) Margin of safety and profit

निम्नलिखित आँकड़ों से गणना कीजिए :

(i) लागत लाभ-मात्रा अनुपात

(ii) समविच्छेद बिन्दु

(iii) सुरक्षा सीमा तथा लाभ

| | |
|---|---|
| Direct Material | ₹ 20,000 |
| Direct Wages | ₹ 16,000 |
| Variable factory overhead | 25% of wages |
| Variable administration overhead | 10% of factory cost |
| Variable selling and distribution overhead | ₹ 4 per unit |
| Fixed overhead | ₹ 8,000 |
| Unit sold 1000 | @ ₹ 64 per unit |



Scanned with CamScanner

10. XYZ Co. is considering the purchase of one of the following machines, whose relevant data are as given below :

XYZ कम्पनी निम्नलिखित मशीनों, जिनसे सम्बन्धित समंक नीचे दिए गए हैं, में से एक मशीन क्रय करने का विचार कर रही है :

| | **Machine X** | **Machine Y** |
|---|---|---|
| Estimated life | 3 Years | 3 Years |
| Capital cost | ₹ 90,000 | ₹ 90,000 |
| *Earnings (after tax)* : | | |
| Year – 1 | ₹ 40,000 | ₹ 20,000 |
| Year – 2 | ₹ 50,000 | ₹ 70,000 |
| Year – 3 | ₹ 40,000 | ₹ 50,000 |

The company follows the straight line method of depreciation, the estimated salvage value of both types of machines is zero. Show the most profitable investment based on :

(i) Pay-back period

(ii) Average rate of return

कम्पनी ह्रास की सीधी रेखा पद्धति अपनाती है, दोनों प्रकार की मशीनों का अवशिष्ट मूल्य शून्य है :

(i) अदायगी अवधि विधि

(ii) औसत प्रत्याय दर

के आधार पर सर्वाधिक लाभप्रद विनियोग बनाइए।

11. Balance sheet of Mohan & Sons as on 1st April, 2020 and 31st March, 2021 were as follows :

मोहन एण्ड सन्स के 1 अप्रैल, 2020 तथा 31 मार्च, 2021 के चिट्ठे अग्र प्रकार हैं :



Scanned with CamScanner

| Liabilities | 31-3-2021 | 1-4-2020 | Assets | 31-3-2021 | 1-4-2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| | (₹) | (₹) | | (₹) | (₹) |
| Creditors | 44,000 | 40,000 | Cash | 7,000 | 10,000 |
| Mrs. Mohan Loan | — | 25,000 | Debtors | 50,000 | 30,000 |
| Loan from | | | Stock | 25,000 | 35,000 |
| P.N. Bank | 50,000 | 40,000 | Machinery | 55,000 | 80,000 |
| Capital | 1,53,000 | 1,25,000 | Land | 50,000 | 40,000 |
| | | | Building | 60,000 | 35,000 |
| | **2,47,000** | **2,30,000** | | **2,47,000** | **2,30,000** |

During the year a machine costing ₹ 10,000 (accumulated depreciation ₹ 3,000) was sold ₹ 5,000. The balance of provision for depreciation against machinery as on 1st April, 2020 was ₹ 25,000 and on 31st March, 2021 ₹ 40,000. Drawings for the year 2020-21 amounted to ₹ 17,000.

You are required to prepare :

(i) Statement of change in working capital and

(ii) Funds flow statement

वर्ष में ₹ 10,000 की लागत की मशीन (एकत्रित ह्रास ₹ 3,000) ₹ 5,000 में बेची गयी। मशीन पर ह्रास के लिए प्रावधान का शेष 1 अप्रैल, 2020 को ₹ 25,000 तथा 31 मार्च, 2021 का ₹ 40,000 था। वर्ष 2020-21 के लिए आहरण ₹ 17,000 थे।

आपको :

(i) कार्यशील पूँजी का विवरण तथा

(ii) कोष प्रवाह विवरण

तैयार करना है।



Scanned with CamScanner

12. The capital structure of Kalpana Ltd. is as under :

कल्पना लि. की पूँजी संरचना इस प्रकार है :

| | (₹) |
|---|---|
| 2,000 6% debentures of ₹ 100 each (First issue) | 2,00,000 |
| 1,000 7% debentures of ₹ 100 each (Second issue) | 1,00,000 |
| 2,000 8% cumulative preference share of ₹ 100 each | 2,00,000 |
| 4,000 Equity share of ₹ 100 each | 4,00,000 |
| Retained earning | 1,00,000 |

The earnings per share of the company in the past many years has been ₹ 15. The shares of the company are sold in the market a book value. The company's tax rate is 50% and shareholders personal tax liability is 10%. Find out the weighted average cost of capital.

गत कई वर्षों से कम्पनी की प्रति अंश अर्जनें ₹ 15 हैं। बाजार में कम्पनी के अंश पुस्तक मूल्य पर बेचे गए हैं। कम्पनी की आयकर की दर 50% है तथा अंशधारियों की व्यक्तिगत आय पर कर दायित्व 10% है। भारांकित औसत पूँजी की लागत ज्ञात कीजिए।



Scanned with CamScanner